तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 6 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

4 अपने बल से नहीं, विशुद्ध गुरु के धक्के से मिलेगी मोह से मुक्तिः रासेश्वरी देवी



खबर संक्षेप

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में एक हजार विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

अकलतरा। भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में अकलतरा विकासखंड के 40 से अधिक विद्यालयों के करीब एक हजार विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परीक्षा संयोजक दीपक साहू ने बताया कि परीक्षा का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में किया जाता है। यह परीक्षा देश के 22 प्रांतों और करीब 400 जिलों में 11 भाषाओं में आयोजित होती है।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

जांजगीर-चांपा। राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थाओं जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआई में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में पंजीकृत डाक अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर ऑफ लाईन आवेदन 30 अक्टबूबर तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्टोरेट भवन प्रथम तल कक्ष क्रमांक 106 में जमा कर सकते हैं।

सचिव के खिलाफ पंचों ने खोला मोर्चा, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से शिकायत

फगुरम। ग्राम पंचायत फगुरम के पंचायत सचिव के खिलाफ उपसरपंच और पंचों ने मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर सक्ती, जिला पंचायत सीईओ सक्ती और जनपद पंचायत मालखरौदा सीईओ से उसकी लिखित शिकायत की गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार सचिव वर्ष 2012-13 से लगभग 13 वर्षों से एक ही पंचायत फगुरम में पदस्थ है।श कियत में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना सहित विभिन्न निर्माण और जनकल्याणकारी कार्यों में अनियमितता और वित्तीय गड़बड़ी के आरोप लगाए गए हैं। पूर्व में भी जनपद पंचायत को शिकायत की गई थी, लेकिन जांच नहीं हुई। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि शासन के निर्देश के बावजूद 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर विशेष ग्राम सभा आयोजित नहीं कराई गई, जिससे ग्रामीणों को पंचायत के आय-व्यय और विकास कार्यों की जानकारी नहीं मिल सकी। पंचों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, पंचायत के वित्तीय कार्यों की जांच और सचिव को फगुरम से हटाकर अन्य सचिव की पदस्थापना की मांग की है।

चलती 108 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

नवागढ़। गांव से अस्पताल तक का सफर उस वक्त बेहद खास बन गया, जब रास्ते में ही 108 एंबुलेंस के अंदर नवजात की किलकारी गूंज उठी। ग्राम सिंउड़ की 28 वर्षीय अंजलि सूरज दास को प्रसव पीड़ा की सूचना मिलने पर नवागढ़ 108 की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल लेकर रवाना हुई, लेकिन रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा तेज हो गई। स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस को ही अस्थायी प्रसव कक्ष बनाना पड़ा। ईएमटी मंजू कश्यप और पायलट जमुना दास ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया।प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित रहे। इसके बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में भर्ती कराया गया। इस दौरान 108 एंबुलेंस की टीम की तत्परता से मां और नवजात को समय पर सुरक्षित चिकित्सा सुविधा मिल सकी।

नहीं हो रही थी कार्रवाई, हरिभूमि ने उठाया मुद्दा तो दर्ज हुआ मामला

साढ़े 43 लाख का खाद गायब, प्रभारी संस्था प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के चंद्रपुर सोसायटी का मामला

सक्ती जिले के चंद्रपुर स्थित सेवा सहकारी समिति में खाद स्टॉक में बड़ी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा चंद्रपुर के अंतर्गत आने वाली समिति में करीब 43 लाख 67 हजार रुपये की खाद के गबन के मामले में अब पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले को पहले हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था।

गौरतलब है कि दस्तावेजों के मुताबिक, खरीफ 2026 के खाद स्टॉक में गड़बड़ी की आशंका के बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा चंद्रपुर ने 8 जून को चंद्रपुर समिति के खाद स्टॉक के विशेष अंकेक्षण के लिए पत्र जारी किया था। इसके बाद सहायक आयुक्त सहकारिता सक्ती ने 15 जून को जांच टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। इसके तहत जांच अधिकारी अधिकारी नारायण सोनी और गोपाल कृष्ण श्रीवास मौके पर पहुंचे और उन्होंने भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान कई तरह की खामियां सामने आई। अधिकारियों ने जो जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, उसके अनुसार 19 जून को हुई भौतिक जांच में स्टॉक में भारी अंतर सामने आया। रिपोर्ट के अनुसार पॉश मशीन में खाद का स्टॉक 5,953 बोरी दर्ज था, जबकि मौके पर केवल 2,576 बोरी मिली। इस तरह 3,377 बोरी खाद कम पाई गई, जिसकी कीमत करीब 40 लाख 92 हजार 97 रुपये बताई गई। जांच में यह भी सामने आया कि खरीफ 2025 और खरीफ 2023 की कुल 473 बोरी खाद, जिसकी कीमत 2 लाख 85 हजार 186 रुपये थी। इसी तरह बीते वर्ष के शुरुआती स्टॉक में स्थानांतरित नहीं की गई। रिपोर्ट के मुताबिक यह खाद भी गोदाम में उपलब्ध नहीं मिली। इस तरह से मौके पर कुल 3850 बोरी खाद का हिसाब नहीं मिला। इसकी कुल कीमत 43 लाख 67 हजार 283 रुपये बताई गई है। भौतिक सत्यापन रिपोर्ट में इस गड़बड़ी के लिए तत्कालीन प्रभारी संस्था प्रबंधक पिताम्बर निषाद को जिम्मेदार बताया गया। गड़बड़ी सामने आने के बाद विभाग की ओर से पिताम्बर निषाद को 22 जून 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद 25 जून 2026 को सहायक आयुक्त सहकारिता ने सेवा नियम 2018 के नियम 16.4 और 16.5.2 के तहत उन्हें तत्काल सेवा से पृथक करने का आदेश जारी किया। इसके साथ ही विभागीय कार्रवाई के बाद अब इस मामले में एफआईआर दर्ज करने चंद्रपुर मामले में आवेदन किया गया , लेकिन पुलिस ने ढाई माह तक कार्रवाई नहीं की। इस संबंध में हरिभूमि द्वारा मंगलवार 29 सितंबर के अंक में साढे 43 लाख की खाद गायब, संस्था प्रबंधक बर्खास्त, आदेश के साथ मय दस्तावेज एफआईआर का आवेदन ठंडे बस्ते में शीर्षक से समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। मामले को प्रभारी मंत्री गुरू खुशवंत साहेब की बैठक में भी जनप्रतिनिधियों ने रखा, जिसके उपरांत चंद्रपुर पुलिस कुंभकर्णीय निद्रा से जागी और जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों को बुलाकर मामले में एफआईआर दर्ज किया गया। पुलिस ने सहकारी बैंक के प्रभारी शाखा प्रबंधक शत्रुहन सिंह पैकरा की रिपोर्ट पर मामले में बीएनएस 2023 की धारा 316(5) और 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है।



29 सितंबर के अंक में प्रकाशित खबर।

विधायक शेषराज का वाट्सअप हैक, हैकर्स ने की पैसे की डिमांड

सायबर थाना पहुंचकर दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश का वाटसअप नंबर हैकर्स ने हैक कर लिया। वाट्सअप हैक करने के बाद कान्टेक्ट लिस्ट के लोगों को मैसेज भेजकर पैसों की डिमांड की गई। जानकारी मिलने पर विधायक सायबर थाना पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। शाम को नंबर हैकर्स के चंगुल से मुक्त करा लिया गया।

सायबर ठक इन दिनों मोबाइल हैक कर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे है। सोमवार 5 अक्टूबर को पामगढ़ि वधायक शेषराज हरवंश का वाटसअप हैकर्स ने हैक कर लिया। इसके बाद हैकर्स द्वारा उनके कान्टेक्ट लिस्ट के लोगों को मैसेज भेजकर पैसों की िडमांड की गई। मैसेज में यूपीआई ब्लाक होने का हवाला देते हुए अर्जेन्ट पैसों की जरूरत बताई गई और आनलाइन पैमेंट मांगी गई। किसी से 52 हजार तो किसी से 5 लाख 20 हजार रुपए मांगे गए। विधायक के अधिकांश परिचितों को ऐसा मैसेज पहुंचा। कुछ देर बाद ही इस बात की जानकारी विधायक तक पहुंच गई। विधायक ने तत्काल सायबर थाना पहुंचकर जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद सायबर थाना के तकनीकी जानकारों की टीम ने वाट्सअप को हैकर्स के चंगुल से मुक्त करा लिया।



दो लोगों ने दे दिए पैसे

िविधायक शेषराज हरवंश का कहना है कि उनका वाट्सअप नंबर हैकर्स से मुक्त तो हो चुका है, लेकिन इससे पहले दो लोगों ने हैकर्स को पैसे दे डाले थे। विधायक ने बताया कि िबहार के किसी व्यक्ति द्वारा उनका वाट्सअप हैक किया गया था।

जमीन विवाद में घर घुसकर मारपीट, बीच-बचाव करने आए बुजुर्ग की मौत

खास बात
- चांपा थाना क्षेत्र के उच्चभिट्टी की घटना

चांपा। ग्राम उच्चभिट्ठी में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। घर घुसकर की गई मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए बुजुर्ग की मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उच्चभिट्ठी स्थित करीब 9 डिसमिल जमीन पर यादव परिवार का मकान बना हुआ है। इसके बंटवारे को लेकर लोचन प्रसाद यादव, गोपी यादव एवं भरत यादव के परिवारों के बीच विवाद चल रहा था। रविवार की रात राजकिरण यादव द्वारा विवाद के दौरान रमेश यादव के घर में घुसकर मारपीट की गई। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे रमेश के पिता लोचन प्रसाद यादव को राजकिरण ने धक्का दे दिया। लोचन प्रसाद यादव जमीन पर गिर पड़े और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर चांपा पुलिस द्वारा अपराध कायम कर जांच प्रारंभ की गई। जांच पंचनामा कार्रवाई तथा सूचक रमेश यादव एवं प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के कथन लिए गए। पुलिस ने आरोपी 23 वर्षीय राजकिरण यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

रेत के अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, 7 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को पिपरदा, पुछेली, पीथमपुर, हाथनेवरा और चांपा हसदेव नदी क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया गया।

खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान ग्राम पिपरदा से 1 हाईवा, पीथमपुर से 3 ट्रैक्टर तथा चांपा के हसदेव नदी क्षेत्र से 3 ट्रैक्टर सहित कुल 7 वाहनों को रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर जब्त किया गया है। जब्त वाहनों को थाना चांपा और कलेक्टोरेट परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिबंध के बावजूद गतवा रेत घाट में अवैध उत्खनन का आरोप

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम गतवा रेत घाट में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध के बावजूद कथित रूप से अवैध उत्खनन एवं परिवहन जारी रहने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सुबह करीब 4 बजे से ही रेत से भरे ट्रैक्टरों की आवाजाही शुरू हो जाती है और दिनभर परिवहन का सिलसिला चलता रहता है। ग्रामीणों के अनुसार भारी ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही से सीसी रोड क्षतिग्रस्त हो रही है। वहीं छोटे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा को लेकर भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में बम्हनीडीह तहसीलदार प्रशांत पटेल का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद रेत उत्खनन या परिवहन पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्टेशन मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही से बढ़ा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नावापाराकला से स्टेशन पारा मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक और 7 मीटर चौड़ी सीसी रोड निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा

- 7 मीटर चौडी सीसी रोड निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



नवापाराकला स्टेशान पारा मार्ग।

जा रहा है। मार्ग पर भारी वाहन चलने के कारण सड़क की हालत जर्जर हो रही है। वहीं हादसों का खतरा भी बना रहता है।

गौरतलब है कि स्थानीय निवासियों और स्कूली बच्चों के लिए यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है। मात्र 3 मीटर चौड़े इस अत्यंत संकरे रास्ते पर दिन-रात दौड़ते भारी-भरकम और ओवरलोडेड ट्रक न केवल सड़क को पूरी तरह जर्जर कर चुके हैं, बल्कि हर पल किसी बड़ी अनहोनी को भी न्योता दे रहे हैं। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मार्ग पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। नावापाराकला से स्टेशन पारा मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक और 7 मीटर चौड़ी सीसी रोड निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। मालखरोदा और जैजैपुर क्षेत्र से रोजाना हजारों दोपहिया एवं चारपहिया वाहन जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। इसी मार्ग पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्थित है। स्कूल के समय में सैकड़ों मासूम बच्चे इसी रास्ते से आना-जाना करते हैं। बेकाबू ट्रकों और संकरे रास्ते के कारण अभिभावकों की सांसें हमेशा अटकी रहती हैं। जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढों के कारण रोजाना दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। नावापाराकला की पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ममता पटेल और सरपंच तथा पंच संतोष यादव और ग्रामीणों ने कहा कि इस 3 मीटर चौड़ी सड़क पर भारी ट्रकों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। ताकि हादसों पर पूर्ण विराम लग सके।

जोगीडीपाखार में चल रहा था जुआ, पुलिस ने 7 जुआरियों को पकड़ा, 74 सौ की बनाई जब्ती

बाराद्वार। ग्राम पलाडीखुर्द के जोगीडीपाखार में जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। साथ ही उनके कब्जे से 74 सौ रुपए नगदी एवं ताश को जब्त किया है। मामला बाराद्वार थाना का है। इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुचना मिली कि ग्राम पलाडीखुर्द जोगीडीपाखार के पास थाना बाराद्वार में काटपत्ती नामक जुआ खेला जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना बाराद्वार पुलिस एवं साइबर सेल सक्ती की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर तत्परता एवं घेराबंदी के माध्यम से मौके पर मौजूद सभी जुआरियों को पकडा गया। पुलिस द्वारा मौके पर विधिवत तलाशी एवं जप्ती की कार्रवाई करने पर जुआरियों के फड़ एवं कब्जे से 74 सौ नगद एवं ताश के 52 पत्ती जप्त की गई। पकडे गए जुआरियों में अमृत लाल यादव, पवन साहू, अतुल साहू, रमेश बरेठ, सतीश यादव, दिलहरण दास महंत एवं गुहाराम केंवट पर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जिला पुलिस सक्ती द्वारा जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

आबकारी टीम ने दी दबिश, शराब अवैध भंडारण मामले में दो महिलाओं को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शराब के अवैध रूप से भंडारण मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है वही उनके कब्जे से 17 लीटर शराब जप्त किया गया है मामला शक्ति जिले का है

इस संबंध में आबकारी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 5 अक्टूबर को आबकारी पुलिस को सूचना मिलेगी ग्राम पंचायत भुरसीडीह में एक महिला द्वारा शराब का अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है सूचना पर आबकारी टीम मौके पर पहुंची एवं महिला उर्मिला चौहान के कब्जे से 10 लीटर शराब बरामद किया गया बताया जाता है कि शराब महिला के घर से मिला है इसी प्रकार शक्ति जिले के ही ग्राम बुदनपुर में गांव की ही एक महिला द्वारा शराब का भंडारण करने की सूचना मिली जिसके आधार पर आबकारी पुलिस टीम घर में दबिश देकर समंद धनुहार के कब्जे से 7 लीटर शराब जप्त किया गया है उक्त दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए दोनों महिला आरोपियों को जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।



जैजैपुर में 6 करोड़ की लागत से हो रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल

हैण्डओवर के पहले नए भवन की दीवारों में दरारें, छत से भी टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

तहसील मुख्यालय जैजैपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा करोड़ो की लागत से न्यायालय एवं आवासीय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य कर व्यापक अनियमितता किए जाने का आरोप शिकायतकर्ताओ ने लगाया है। खास बात यह है कि हैण्डओव्हर के पहले ही दीवारों पर जहां जगह-जगह दरारें पड़ गई है तो वहीं छत से भी पानी टपकने लगा है।

इस संबंध में मिली शिकायत के अनुसार निर्मित भवन की दीवारो में जगह जगह से दरारें एवं छतो से टपकता पानी टपकने लगा है। कई जगह के कालम पर भी दरारें देखी जा रही है।इसकी शिकायत भी प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से की है। उन्होंने ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किए जाने एवं विभागीय अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग ग्रामीणों ने की है। शिकायतकर्ताओ ने इसकी शिकायत मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ से भी करने की बात कही है। उन्होंने यह भी बताया है कि 7 दिसम्बर 2023 को निर्माण इस कार्य क़ो प्रारंभ कर 5 जनवरी 2025 को पूर्ण किया जाना था, लेकिन 18 माह विलंब होने के बाद भी निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है। समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य का पूरा न होना भी निर्माण एजेंसी एवं विभागीय अधिकारियों के कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। वही दूसरी ओर ग्रामीणों ने सर्वदलीय मंच बैनर तले आंदोलनात्मक कदम उठाने की बात कही है।



हैण्डओव्हर से पहले भवन की दीवारों में पड़ी दीवारें।

करेंगे सुधार

निर्माण कार्य भी चल रहा है। हैण्डओव्हर नहीं हुआ है। निर्माण कार्य में जो भी कमी है, उसकी जानकारी ली जाएगी। आवश्यक सुधार कराया जाएगा। इसके बाद ही हैण्डओव्हर की प्रक्रिया होगी।

-आशुतोष पटेल,
उप अभियंता
लोक निर्माण विभाग जैजैपुर

अविश्वास सम्मेलन में नहीं पहुंचे पीठासीन अधिकारी, बना पंचनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

जनपद पंचायत डभरा की ग्राम पंचायत सिरियागढ़ में सरपंच के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का सम्मेलन प्रशासनिक लापरवाही के चलते अधर में लटक गया। 1 अक्टूबर को आयोजित सम्मेलन में सभी पंच, सचिव, पुलिसकर्मी और ग्रामीण मौजूद रहे, लेकिन पीठासीन अधिकारी ही मौके पर नहीं पहुंचे।

ग्राम पंचायत के पंचों ने 21 सितंबर 2026 को एसडीएम डभरा के समक्ष सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया था। इस पर एसडीएम डभरा ने 29 सितंबर को पत्र जारी कर 1 अक्टूबर को सम्मेलन आयोजित करने का आदेश दिया था और सभी पंचों व सरपंच को सूचना भेजी थी। निर्धारित दिन सभी पंच सम्मेलन स्थल पर पहुंच गए। सुरक्षा के लिए पुलिस अधिकारी-कर्मचारी भी तैनात रहे। सचिव और ग्रामीण भी मौजूद थे, लेकिन काफी इंतजार के बाद भी पीठासीन अधिकारी नहीं आए, जिससे अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो सकी। इस संबंध में तहसीलदार डभरा मनमोहन प्रताप सिंह से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें पीठासीन अधिकारी बनाए जाने का आदेश प्राप्त नहीं हुआ है और वे पिछले 3-4 दिन से बीमारी के कारण अवकाश पर हैं। वहीं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार किया गया, जिसमें सभी पंचों की उपस्थिति और पीठासीन अधिकारी की अनुपस्थिति का उल्लेख किया गया है।

खबर संक्षेप

उतरदा में लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित

हरदीबाजार। ग्राम पंचायत उतरदा में लोकार्पण और भूमिपूजन का हुआ कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र उतरदा बस्ती लागत राशि 11 लाख 69 हजार रोजगार गारंटी का लोकार्पण व सामुदायिक शौचायल योजना विजीबी रामजी लागत 4 लाख 30 हजार का भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा, विशिष्ट अतिथि मुकेश जायसवाल प्रतिनिधि जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सरपंच ग्राम पंचायत उतरदा श्रीमती लक्ष्मीन सुंदर मरावी, उप सरपंच राकेश जयसवाल, जनपद सदस्य गंगोत्री चंद्रपाल पटेल, ग्राम सभा अध्यक्ष संतोष मरावी, पंच प्रतिनिधि इंद्रसेन यादव, हीरालाल जगत, पंच शंभू जगत, प्रेम कुमार वरकड़े, गिरजा शंकर मरावी, मुकेश बर्मन, प्रकाश राठौर, शिव यादव सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन, शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्रा, ग्रामीण उपस्थित रहे।

गाड़ा समाज जिला इकाई का मडवारानी परिसर में हुआ शपथ ग्रहण

मड़वारानी। करतला ब्लॉक अंतर्गत मां मडवारानी परिसर में चौहान भवन में पहली बार सामाजिक महिलाएं व युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती गौरी चौहान शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय धजाराम चौहान, प्रांतीय उपाध्यक्ष परदेशी राम हंस करमु चौहान जिला ब्लाक पंचायत के सामाजिक मुल छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया। पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष डॉ धरम चौहान, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल चौहान, सचिव हरिशंकर चौहान, युवा संगठन से विनोद कुमार हंस बने अध्यक्ष, सचिव सुरेश चौहान, कोषाध्यक्ष रमाशंकर चौहान, सह सचिव सुखनंदन, महिला कोरबा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती चौहान बनी, सचिव साधना चौहान, कोषाध्यक्ष भगवती चौहान, सहसचिव सुशीला चौहान बनाए गए हैं।

नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरदीबाजार। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय, हरदी बाजार में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठक वाई.के तिवारी सर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वाईके तिवारी ने विद्यार्थियों को वन-डे कैंप से लेकर सात दिवसीय विशेष शिविर तक की गतिविधियों, दैनिक कार्यक्रमों, सामाजिक सेवा, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास तथा समाज के प्रति जिम्मेदारियों के बारे में समझाया। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं जीवन से प्रेरणा लेने, नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश देते हुए महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अपसर पर विपिन शर्मा, साहिल नामदेव, लुकेश साहू, कोमल जांगड़े, गजेंद्र लहरे, मयंक, हिमांशु, टुकेश सत्येंद्र साहू, निक्की, प्रभात, प्रदीप, अभिषेक, दिशु, शिबा दीप, सुमित, युराज, साक्षी, मंजु प्रतिभा, अंजलि धारी शालनी दिपाली, ख़ुशी मोदी बादल शर्मा, मनीषा साहू, आकृति, प्रिया कोराम, रश्मि यादव उपस्थित रहे।

करईनारा में आयोजित सेवा सेतु शिविर में मिले 276 आवेदन, 38 का मौके पर निराकरण

मड़वारानी। करतला विकासखंड के ग्राम पंचायत करईनारा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 276 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 38 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अशोका बाई कंवर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज कुमार झा सहित जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर और राज्यगीत के साथ किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से छह नवप्रसूता महिलाओं के शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर ने उपस्थित नागरिकों का अभिवादन करते हुए कहा कि शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करतला वैभव कुमार कौशिक ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त 276 आवेदनों में से 38 का स्थल पर ही निराकरण किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के छह हितग्राहियों को आवास की चाबियां और राजस्व विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को आवासीय पट्टे तथा पांच हितग्राहियों को डिजिटल किसान किताब वितरित की गईं। महिला एवं बाल विकास विभाग के 12 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं तथा स्वास्थ्य विभाग की नौ मितानिनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने चार हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड दिए, जबकि शिक्षा विभाग की ओर से 42 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

4530 आवासों पर सेवानिवृत्त कोल कर्मियों ने जमाया है कब्जा

एसईसीएल के 59428 आवासों में से 8 हजार अमानक, 5 हजार पर बाहरी लोगों का कब्जा


एसईसीएल का आवासीय मकान।

अलग-अलग कंपनियों में आवासों की स्थिति

कंपनी	कुल आवास	अमानक आवास	बाहरी लोगों का कब्जा	कर्मियों का कब्जा
एसईसीएल	59,428	8,039	5,035	4,530
ईसीएल	37,798	29,282	1,465	14,296
बीसीसीएल	44,800	16,294	18,188	5,685
सीसीएल	59,972	10,616	17,498	3,717
डब्ल्यूसीएल	16,902	278	507	140
एमसीएल	34,074	9,790	4,321	6,195
एनसीएल	14,974	1,195	1,384	287

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कुल 59 हजार 428 आवासों में से 8 हजार 39 आवास अमानक है वहीं 5 हजार 35 बाहरी लोगों ने अपना कब्जा जमाया हुआ है। दूसरी ओर 4 हजार 530 आवासों में कोयला कर्मियों ने अपना कब्जा किया हुआ है। अब प्रबंधन ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक्शन प्लान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कोल इंडिया की सभी कंपनियों के पास करीब 2 लाख 50 हजार आवास हैं। इनमें 85 हजार 630 आवास मानक और रहने योग्य हैं, जिनमें कर्मचारी रह रहे हैं। करीब 19 हजार 585 आवासों पर सेवानिवृत्त या सेवारत कर्मचारियों का कब्जा है, जबकि करीब 64 हजार 511 आवास बाहरी लोगों के कब्जे में हैं।

खास बात
- अवैध कब्जा वाले आवासों को प्रशासन के सहयोग से खाली कराने की तैयारी शुरु

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के 64 हजार से अधिक आवासों पर अवैध कब्जा है। इनमें बाहरी लोगों के साथ सेवानिवृत्त और कंपनी से अलग हो चुके कर्मचारियों का भी कब्जा है। सीसीएल में कुल 59,972 आवास चिह्नित किए गए हैं। इनमें 49,253 आवास रहने योग्य पाए गए हैं। वहीं 10,616 आवास जर्जर घोषित किए गए हैं। सीसीएल के 17,498 आवासों पर बाहरी लोगों का कब्जा है, जबकि 3,717 क्वार्टर सेवानिवृत्त या कंपनी से अलग हो चुके कर्मचारियों के कब्जे में हैं। इसके अलावा 628 क्वार्टर सरप्लस हैं। बरका-सयाल क्षेत्र में स्थिति ज्यादा गंभीर है। यहां कुल 13,258 आवासों में से 5,043 पर अवैध कब्जा मिला है। रजरप्पा क्षेत्र में भी 449 क्वार्टर बाहरी लोगों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कब्जे में हैं। प्रबंधन ने अवैध कब्जे वाले आवासों को प्रशासन के सहयोग से खाली कराने की तैयारी शुरू की है। वहीं लंबे समय से काम कर रहे ठेका कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कुछ क्वार्टर लीज लाइसेंस पर देने की संभावना भी तलाशी जा रही है। इसके लिए कानूनी राय और कोयला मंत्रालय के दिशा-निर्देश लिए जाएंगे। कोल इंडिया ने इस मामले में निर्णय लेने के लिए मजदूर प्रतिनिधियों की एक कमेटी बनाई है। कमेटी अवैध कब्जे वाले आवासों को लेकर निर्णय और अनुशंसा करेगी। सभी अनुषंगी कंपनियों के आवासों का डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा। जो क्वार्टर रहने योग्य नहीं हैं या असुरक्षित हो चुके हैं, उन्हें ध्वस्त कर वहां आधुनिक सुविधाओं वाले नए आवास बनाए जाएंगे। कोल इंडिया प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधि मिलकर इसके लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार कर रहे हैं।

एसईसीएल प्रबंधन के आश्वासन पर भूविस्थापितों ने टाला मुख्यालय घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार के भूविस्थापितों एवं प्रभावित ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांगों को लेकर प्रस्तावित आंदोलन के संदर्भ में ग्राम पंचायत हरदीबाजार द्वारा बड़ा निर्णय लिया गया है एसईसीएल प्रबंधन के लिखित अनुरोध और सकारात्मक रुख का सम्मान करते हुए 5 अक्टूबर को बिलासपुर स्थित सीएमडी कार्यालय के प्रस्तावित घेराव व तालाबंदी आंदोलन को 15 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है अब यह आंदोलन संशोधित तिथि 16 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।

खास बातें
- मांगें पूरी नही होने पर 16 अक्टूबर को होगा सीएमडी कार्यालय में तालाबंदी आंदोलन
- प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करते हुए मांगा अतिरिक्त समय

गौरतलब है कि भूविस्थापितों की जायज मांगों उचित मुआवजा रोजगार पुनर्वास एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं को लेकर ग्राम पंचायत हरदीबाजार द्वारा 28 सितंबर को आंदोलन की पूर्व सूचना दी गई थी इसके जवाब में एसईसीएल दीपका क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि उच्चाधिकारियों के साथ हुई चर्चा में नियमानुकूल मांगों पर आंशिक सहमति बन चुकी है अंतिम निर्णय एवं पूर्ण सहमति हेतु प्रबंधन ने कुछ अतिरिक्त समय दिए जाने का अनुरोध किया था। ग्राम पंचायत हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि प्रबंधन को मांगों के त्वरित व न्यायपूर्ण समाधान के लिए 10 दिनों की समयावधि 15 अक्टूबर तक का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जा रहा है। यदि इस दी गई समयावधि में प्रबंधन द्वारा भूविस्थापितों की समस्त लंबित मांगों पर कोई ठोस लिखित एवं संतोषजनक निर्णय नहीं लिया जाता है तो 16 अक्टूबर को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल के नेतृत्व में समस्त भूविस्थापित एवं ग्रामीण बिलासपुर स्थित सीएमडी कार्यालय के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन उग्र एवं शांतिपूर्ण आंदोलन/तालाबंदी करेंगे इस स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन की होगी।

संगठन जितना मजबूत होगा, जन संघर्षों का विस्तार भी उतनी तेजी से होगा : पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बैठक में उपस्थित किसान सभा के पदाधिकारी व अन्य।

जन संघर्षों को संगठित किये बिना संगठन का निर्माण नहीं किया जा सकता और बिना संघर्ष के संगठन भी नहीं बनाया जा सकता। संगठन जितना मजबूत होगा, जन संघर्षों का विस्तार भी उतनी ही तेजी से होगा। जिले में किसान सभा को मजबूत करने की यही कुंजी है। यही वह रास्ता है, जिसके जरिए भूविस्थापितों और गरीब किसानों की आवाज सड़क से उच्च सदन तक पहुंचाई जा सकती है।

खास बात
- किसान सभा के जिला सम्मेलन में जय नारायण अध्यक्ष तो दीपक बने सचिव

उक्त बातें किसान सभा के चौथे कोरबा जिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य महासचिव कपिल पैकरा ने कही। किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज कोरबा के भूविस्थापित गरीब किसान जिस चक्की में पिस रही है, उसके पूरे प्रदेश के भू विस्थापितों को एक मंच पर आकर लड़ने के लिए योजनाबद्ध ढंग से संघर्ष विकसित करने की जरूरत है। भूविस्थापन, मनरेगा, आदिवासियों पर दमन आदि जिन मुद्दों को हमने चिन्हित किया है, इनमें से हर समस्या राज्य और अखिल भारतीय मुद्दे से जुड़ती है। इसलिए इन स्थानीय मुद्दों पर आयोजित संघर्षों की धमक दूर तक जाती हैं। उन्होंने इन मुद्दों पर संघर्षों को निरंतरता मे आयोजित करने और उसे सकारात्मक नतीजों तक पहुंचाने पर जोर दिया। सम्मेलन में 108 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिला सचिव दीपक साहू ने संगठन के कामकाज की रिपोर्ट रखी, जिसे प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से पारित किया। सम्मेलन ने खेती-किसानी से जुड़े मुद्दों के साथ एसईसीएल में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित विस्थापितों को रोजगार और पुनर्वास देने, हसदेव जंगल का विनाश रोकने, अनाप शनाप बिजली बिलों की वसूली और स्मार्ट मीटर परियोजना पर रोक लगाने, आदि के संबंध में प्रस्ताव पारित किया। सम्मेलन में 23 सदस्यीय जिला समिति का चुनाव किया गया, जिसके जिला अध्यक्ष जय नारायण कौशिक, उपाध्यक्ष हेम सिंह मरकाम, राजकुमारी बिंझवार, रामायण कंवर सचिव दीपक साहू, सहसचिव सुकृता,उत्तम दास कोषाध्यक्ष दामोदर श्याम तथा कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत झा, जवाहर सिंह कंवर, मंगल सिंह राठिया, बृजलाल पंडो, सकुंती, गंगोत्री, देव कुंवर, रेशम, गणेश चौहान, इंदर, पवन यादव निर्वाचित हुए।

आयुक्त ने किया निगम कार्यालय साकेत भवन का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित विभिन्न विभागों व शाखाओं का औचक निरीक्षण करते हुये वहां की स्वच्छता व साफ-सफाई, नस्तियों, दस्तावेजों का व्यवस्थीकरण सुनिश्चित किये जाने के साथ-साथ विभिन्न विभागों व शाखाओं में आवश्कतानुसार व्यवस्था तथा विभिन्न कार्यों हेतु निगम कार्यालय पहुंचने वाले आमनागरिकों के बैठने की व्यवस्था भी विभागों व शाखाओं में किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान कार्य स्थल पर अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण दिये जाने के निर्देश भी दिये।

खास बात
- कार्यालय कक्षों की स्वच्छता व साफ सफाई, व्यवस्थाओं की दुरुस्तगी किए जाने के दिए निर्देश

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम कार्यालय साकेत भवन स्थित विभिन्न विभागों, शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया, उन्होने निर्माण शाखा, स्थापना शाखा, लेखा शाखा, राजस्व, योजना, भवन निर्माण, संपदा, सम्पत्तिकर शाखा, स्वच्छता शाखा, जलकर विभाग, स्टेशनरी शाखा, जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग, कैश शाखा, विधि विभाग, जनसंपर्क शाखा, स्टोर व उद्यान शाखा, विद्युत विभाग, डाटा सेंटर, परिषद शाखा सहित अपर आयुक्त कक्ष, उपायुक्त कक्ष, अधीक्षण अभियंता कक्ष सहित विभिन्न अधिकारियों के कक्षों का औचक निरीक्षण करते हुये वहाँ की साफ-सफाई व स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं का सघन रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि वे कार्य स्थल पर जिस स्थान में बैठकर अपना कार्य करते हैं, वहाँ की स्वच्छता व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, उन्होने कहा कि आप सब शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को बनाये रखने के लिये काम कर रहे हैं, तो जिस स्थान पर बैठकर आप काम करते हैं, वहाँ की स्वच्छता व साफ-सफाई भी आपकी उच्च प्राथमिकता होनी चाहिये। उन्होने कहा कि कार्यालय में नस्ती, दस्तावेजों का व्यवस्थित रूप से संधारण करें। इससे कार्य करने में आपको ही आसानी होगी तथा जरूरत के वक्त संबंधित नस्ती व दस्तावेज आप आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

अग्रसेन जयंती पर अग्र संदेश पत्रिका का किया गया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में अग्र संदेश पत्रिका का विमोचन एवं वृक्षारोपण किया गया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।

महाराजा अग्रसेन की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों और सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अग्र संदेश पत्रिका का विमोचन समाज की गतिविधियों, उपलब्धियों और विचारों को अभिव्यक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा। वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण का संदेश दिया गया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम ने सामाजिक सहभागिता, आपसी सद्भाव और समाजहित में सामूहिक प्रयासों की महत्ता को रेखांकित किया।

इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सचिव मनोज अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष बैजनाथ गोयल एवं राजेन्द्र अग्रवाल सहित आशीष अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, अन्जय अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सत्यभामा अग्रवाल, संगीता पालीवाल, संतोषी देवी अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल एवं भाजपा के जिला संवाद प्रमुख अर्जुन गुप्ता सहित अग्रवाल समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे। महाराजा अग्रसेन की जयंती पर आयोजित यह समारोह सामाजिक एकता, सेवा भावना, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रेरणादायी संदेश देने वाला रहा।

दो ट्रेलरों में भिड़ंत, एक चालक की मौत, दूसरा घायल

कोरबा। कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत खदान क्षेत्र में दो ट्रेलरों के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि मौके पर एक चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरे वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में ही फंस गया। दुर्घटना के बाद काफी मशक्कत से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान रेलिया निवासी विश्व प्रसाद बिट्टू के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही खदान क्षेत्र में हडक़ंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। बताया गया कि दोनों वाहन नीलकंठ कंपनी के पेटी ठेकेदार पीकेएस कंपनी से जुड़े हुए हैं। हादसे के बाद खदान में वाहनों की जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। मृतक के परिजन और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर मुआवजा तथा परिवार के सदस्य को रोजगार देने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरु कर दिया था। खदान परिसर में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित होने की सूचना जैसे ही कुसमुंडा पुलिस को दी गई।

जर्जर आवासों में रहने को मजबूर हैं सरकारी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिला मुख्यालय के तीन विभागों की कालोनी के आवास रखरखाव के अभाव में और पुराने होने की वजह से जर्जर हो चुके हैं। सालों पुरानी इस कालोनी के आवासों में सरकारी कर्मचारी रहने को मजबूर हैं। यहां तक कि अधिकारियों के बंगले में भी बारिश के पानी से बचने के लिए प्लास्टिक का सहारा लेना पड़ रहा है। कई ऐसे आवास अधिकारियों के हैं जिनके छत से प्लास्टिक कभी उतारी नहीं जाती।

पानी से बचाव के लिए प्लास्टिक का ही सहारा रहता है। आईटीआई, लोक निर्माण विभाग और राजस्व कालोनी के आवास पुराने हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा पुरानी कालोनी आईटीआई और पीडब्ल्यूडी की है। पुराने अंग्रेजी खपरे वाले इस कालोनी के छत को बदलने का काम कुछ वर्ष पूर्व किया गया था। तब कहीं जाकर यह आवास रहने के लायक हुए थे। दोनों विभागों के अनुसार कालोनी के निर्माण को हुए 40 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। डीएमएफ से शहर और ग्रामीण अंचलों में अधोसंरचना के हो रहे विकास के तहत लाखों रुपए की लागत से बड़े-बड़े भवन बनाए गए हैं। शहर मुख्यालय में ही कन्वर्सन हाल सहित डिंगापुर में प्रशिक्षण केन्द्र के नाम से बड़े भवन बनाए गए हैं। इसी तरह ग्रामीण अंचलों में भी भवनों का निर्माण हुआ है। इन सबके बीच कालोनी के नवनिर्माण को लेकर अब जाकर यह योजना तैयार हुई है। जो कब अमल में आएगी यह अभी प्रस्ताव पर निर्भर है।

*** बांकीमोंगरा।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित एनटीपीसी सीनियर पुरुष अंतर जिला राज्य फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन 22 से 29 अक्टूबर तक किया जाएगा।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं महेत्तर लाल यादव उम्र 50 वर्ष, पिता श्री दौवाराम यादव, जाति रावत, निवासी ग्राम जमड़ी, तहसील हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.) का मूल निवासी हूं, जो कि शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूं :-
01.यह कि मैं उपर लिखे उपरोक्त पते का मूल निवासी हूं।
02. यह कि मेरे पुत्र पुष्पराज यादव के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसका आधार कार्ड नंबर-7522 0323 3454 है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम पुष्पराज यादव अंकित किया गया है। जो कि मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम पुष्पराज अंकित किया गया है जो सत्य एवं सही नाम है।
03. यह कि इस शपथ पत्र के आधार पर उक्त पुष्पराज यादव एवं पुष्पराज दोनो नाम मेरे पुत्र का ही नाम माना जावे एवं अब मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका नाम कक्षा 10 वी एवं 12 वी के अंकसूची के आधार पर उनका नाम पुष्पराज अंकित किया जावे जिस संबंध में यह शपथ पत्र मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

महेत्तर लाल यादव
हस्ताक्षर शपथकर्ता

सत्यापन

मैं महेत्तर लाल यादव उम्र 50 वर्ष, पिता श्री दौवाराम यादव, जाति रावत, निवासी ग्राम जमडी, तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से लेकर 03 तक की बातें सही एवं सत्य हैं, जिसे आज दिनांक को इसे सत्यापित किया हूं।
स्थान-जांजगीर,
दिनांक: 24.09.2026

महेत्तर लाल यादव
हस्ताक्षर शपथकर्ता

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



ऑरा इंडिया टूर : सात शहरों में होंगे दिलजीत के कॉन्सर्ट

नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ का मोस्ट अवेटेड 'ऑरा इंडिया टूर 2026' आने वाला है। कुछ महीनों पहले ही गायक ने लंदन के वेम्बली में परफॉर्म करते हुए यह ऐलान किया था कि वह अहमदाबाद में जल्द कॉन्सर्ट करने जा रहे हैं। दरअसल, दिलजीत देश के सात शहरों में परफॉर्म करने वाले हैं। यह टूर नवंबर और दिसंबर में होगा। सिर्फ इतना ही नहीं, इसकी टिकट और तारीखों का ऐलान भी हो गया है। भारत में यह टूर 1 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर से शुरू होगा। इसके बाद 15 नवंबर को इंदौर, 21 नवंबर को अहमदाबाद, 27 नवंबर को मुंबई, 29 नवंबर को बेंगलुरु और 5 दिसंबर को लखनऊ में शो होगा।

लाइफ Style

मृणाल

घर की अलमारी से चुराती थीं घड़ियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर इन दिनों फिल्म 'पूजा मेरी जान' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें बताया कि वह अपनी मां की अलमारी से घड़ियां चुरा लेती थीं। साथ ही उन्होंने इसकी वजह भी बताई है।

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अभिनय के साथ-साथ अक्सर अपने क्लासिक फैशन सेंस को लेकर भी काफी चर्चा में बनी रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया है कि उन्हें क्लासिक घड़ियों से बहुत प्यार है और यह प्यार उनको उनकी मां से मिला, जिन्हें वह क्लासिक लेडी कहती हैं। मृणाल ने बताया कि कई बार खास मौकों के लिए वह अपनी मां की अलमारी से उनकी घड़ियां चुरा लिया करती थीं। एएनआई से बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरी मां ने मुझे बिगाड़ दिया, क्योंकि वह हमेशा से एक क्लासिक महिला रही हैं। कई बार अपने सबसे खास मौकों के लिए मैं उनकी घड़ी चुरा लेती थी। दरअसल, अभिनेत्री वसंत कुंज के डीएलएफ प्रोमेनेड में टिसॉट बुटीक के लॉन्च पर पहुंची थीं। वहां एक्ट्रेस ने कहा कि अब वह रेड-कार्पेट अपीयरेंस और फॉर्मल मीटिंग से लेकर डिनर तक अलग-अलग मौकों पर अपने कलेक्शन की घड़ियों को शामिल करने की योजना बना रही हैं। मृणाल के लिए घड़ी सिर्फ समय देखने की चीज नहीं है। वह इसे एक जरूरी एक्सेसरी मानती हैं, जो उनके व्यक्तित्व और पहचान को दिखाने में मदद करती है और उनके सादे स्टाइल को पूरा करती है।



हॉलीवुड मसाला



डिगर के फ्लॉप पर नहीं हैं दुखी

लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज की बहुप्रतिक्षित फिल्म 'डिगर' की शुरुआत बॉक्स ऑफिस पर संतोषजनक नहीं रही। मगर फिल्म के इस प्रदर्शन से एक्टर के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। उन्होंने सोशल मीडिया पर बीटीएस तस्वीर शेयर करने साथ टीम के लिए एक भावुक पोस्ट साझा किया। बीते शनिवार टॉम क्रूज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने इन फोटोज के साथ अपनी टीम के लिए एक प्यार भरा कैप्शन लिखा।




इस्लाम विरोधी बयान से कॅरियर हो गया खत्म

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी एक्ट्रेस सेल्मा ब्लेयर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। क्रूएल इंटेंशन्स, लीगली ब्लॉन्ड, द स्वीटेस्ट थिंग और हेलबॉय फ्रेंचाइजी फेम सेल्मा ब्लेयर ने बताया है कि दो साल पहले 'इस्लाम-विरोधी' बयान के बाद उन्हें न सिर्फ सोशल मीडिया पर लोगों की खूब आलोचना झेलनी पड़ी, बल्कि इसने उनके हॉलीवुड कॅरियर को भी 'खत्म' कर दिया। 54 साल की सेल्मा ब्लेयर हाल ही द ज्यूइश म्यूजियम में एंटी-डिफेमेशन लीग के 'स्टेट ऑफ द आर्ट्स' कार्यक्रम में पहुंची थीं, जहां उनका कॅरियर को लेकर दर्द छलका। सेल्मा ब्लेयर ने दो साल पहले फरवरी 2024 में इजराइल-हमास युद्ध के दौरान सीरियाई-यहूदी शरणार्थी अब्राहम हमरा के एक इंस्ट्राग्राम वीडिया पर 'एंटी-इस्लाम' कमेंट किया था। अब सेल्मा ब्लेयर ने इवेंट में कहा, 'मैं जानती हूं कि सब कुछ खत्म हो जाने का एहसास कैसा होता है।



हिंदी फिल्मों का गणित बिगाड़ेगी 'ओम'

नई दिल्ली। तेरे इश्क में और कारा जैसी कई शानदार फिल्मों से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता धनुष लंबे समय से अपनी अपकमिंग मूवी ओम चैप्टर-1 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। 16 अक्टूबर को ओम चैप्टर-1 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन , ओम चैप्टर-1 को 26 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। ओम चैप्टर-1 अब नई रिलीज डेट 26 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस जिसका कारण इसी महीने (अक्टूबर) रिलीज होने वालीं कई बड़ी तमिल फिल्में हैं। 26 नवंबर को ओम चैप्टर-1 को रिलीज किया जाना है और इसके अगले दिन इमरान हाशमी की गनमास्टर जी9 और आयुष्मान खुराना की ये प्रेम मोल लिया आ रही है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन तीनों मूवीज के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।



आर माधवन ने खोला यादों का पिटारा

मुंबई। चर्चित अभिनेता आर माधवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। लगता है रविवार को फुरसत के पलों में उन्होंने अपना पुराना एल्बम खोल लिया है। इससे कुछ अनदेखी तस्वीरें उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर करते हुए एक वीडयो कोलाज पोस्ट किया है। इसमें उनके पुराने दिनों की तस्वीरें हैं, जब दोस्तों की महफिलें सजा करती थीं। तस्वीरों के साथ एक्टर ने लिखा है, 'पुराने दिन'। आर माधवन की इन तस्वीरों में उनकी पत्नी सरिता बिरजे भी नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में आर माधवन अपनी मॉडिफाइड बाइक पर सवार होकर पोज देते दिख रहे हैं। यादों की गुल्लक खोलते हुए आर माधवन ने अपने सभी दोस्तों को भी पोस्ट में टैग किया है।

टीवी मसाला



राइज एंड फॉल 2: झगड़ा खत्म कर स्वरा के फिटनेस कोच बने शहजाद

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर फिलहाल रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' सीजन 2 का हिस्सा है। अब हाल ही में वहां से एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह अपनी बेटी राबिया को याद करते हुए रोते नजर आईं और तेज प्रताप यादव अभिनेत्री को चुप करवाते दिखाई दिए। स्वरा भास्कर के लिए काम की वजह से अपनी छोटी सी बेटी से दूर रहना काफी मुश्किल हो रहा है। एक वीडियो सामने आया, जिसमें शहजाद और स्वारा के बीच अच्छी बॉन्डिंग दिखी। शो की शुरुआत में स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला के बीच अच्छे रिश्ते देखने को नहीं मिले थे। लेकिन जैसे-जैसे यह शो आगे बढ़ रहा है, दोनों के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। हाल ही में शहजाद पूनावाला अभिनेत्री के फिटनेस कोच बने नजर आए। बता दें कि दोनों के बीच शो से बाहर राजनीति ओपिनियन को लेकर टकराव होते रहते हैं। शो का एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस रोती हुई नजर आ रही हैं। वह बार-बार अपनी बेटी राबिया की फोटो देखने या उसका चेहरा देखने की गुजारिश करती दिखाई दीं। जब शो में उनके साथ मौजूद गौतम गुलाटी ने पूछा कि वह इतनी इमोशनल क्यों हो गईं, तो स्वरा ने कहा, 'किसी ने सुशी कहा और मुझे अपनी बेटी की याद आ गई।' स्वरा ने आगे कहा, 'यार उसका फेस दिखा दो, उसकी फोटो दिखा दो प्लीज।' उनकी इस बात से साफ पता चला कि रियलिटी शो के दौरान वह अपनी बेटी को कितना याद कर रही हैं।

तुलसी और मिहिर का शो होगा बंद?

नई दिल्ली। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' 29 जुलाई 2025 को शुरू हुआ था। टीवी के साथ-साथ इस बार यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम हुआ। पहले पार्ट की अधिकांश कास्ट शो का हिस्सा बनी और साथ ही नई पीढ़ी के रूप में कुछ नए सितारे जुड़े। इस बार भी इस शो को भर-भरकर प्यार मिला। मगर, चर्चा है कि यह शो अब अलविदा कहने वाला है। बंद होने की चर्चाओं के बीच शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी एक पोस्ट शेयर किया है।




एकता कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने सीरियल की टीम के साथ एक वीडियो साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस काम में शामिल सभी लोगों का तहे दिल से शुक्रिया। बस अभी 'क्योंकि...' का आखिरी एपिसोड लिखना खत्म किया है। क्या यह वाकई आखिरी है? एकता कपूर ने आखिरी एपिसोड का जिक्र तो किया है, मगर साथ ही सवाल भी छोड़ दिया है। ऐसे में नेटिजंस पूछ रहे हैं कि क्या वाकई शो बंद हो रहा है? 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में नोयना का किरदार अदा करने वाली एक्ट्रेस बरखा बिष्ट ने कमेंट कर एकता कपूर का शुक्रिया अदा किया है।

1991 में ही बना दी थी टाइम ट्रेवल पर फिल्म

नई दिल्ली। डायरेक्टर सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। सिंगीथम श्रीनिवास को पुष्पक विमाना, आदित्य 369 और सिंग गीथम जैसी फिल्में बनाने के लिए जाना जाता था। सिंगीथम श्रीनिवास का जन्म आंध्र प्रदेश के उदयगिरि, नेल्लोर में 21 सितंबर, 1931 को हुआ था। उन्हें साउथ इंडियन सिनेमा में क्रांति लाने के लिए जाना जाता है। सिंगीथम ने हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में करीब 60 फिल्में डायरेक्ट की हैं।

डायरेक्टर के तौर पर किया था डेब्यू

सिंगीथम श्रीनिवास ने साल 1972 में रिलीज हुई फिल्म नीति नियति से डायरेक्टर के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। ये तेलुगु भाषा की एक कॉमेडी फिल्म थी। फिल्म को डायरेक्ट करने के साथ-साथ सिंगीथम श्रीनिवास ने फिल्म को लिखा भी था।



94 की उम्र में भी डायरेक्ट की थी फिल्म

सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में भी काम करना नहीं छोड़ा। उनकी आखिरी फिल्म सिंग गीथम इस साल रिलीज हुई। ये एक म्यूजिकल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर सकते हैं। फिल्म में अहिल्या बमरू, अयान और मणि कृष्ण जैसे कलाकार नजर आए हैं।

पॉपुलर फिल्में

पुष्पक विमानाः साल 1987 में रिलीज हुई पुष्पक विमाना में कमल हासन लीड रोल में नजर आए थे। पुष्पक विमाना एक डार्क कॉमेडी फिल्म थी। इस फिल्म ने नेशनल अवॉर्ड समेत कुल 7 अवॉर्ड्स जीते थे। 1988 में श्रीनिवास को बेस्ट फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म की खास बात ये थी कि इस फिल्म में कोई भी डायलॉग नहीं थे।

जीते कई अवॉर्ड्स

श्रीनिवास राव ने अपने शानदार कॅरियर में कई प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स अपने नाम किए। श्रीनिवास ने दो नेशनल अवॉर्ड्स (पुष्पक विमाना और दिक्कत्रा पार्वती), तीन नंदी अवॉर्ड्स (मयूरी, वृंदावनम और भैरव द्वीपम), फिल्म हालू जेनू के लिए कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार जैसे अवॉर्ड्स जीते। इसी के साथ, 19वें चेन्नई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (2021) में उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। साल 2011 में फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भी उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया था।

नीतू ने बैक साइड की फोटो लेने पर तंज भरे लहजे में किया सवाल

मुंबई। नेहा धूपिया और सलमान खान के बाद अब नीतू कपूर ने पैपराजी के बैक साइड की फोटो लेने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कैमरामैन से तंज भरे लहजे में सवाल किया है। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर ने पैपराजी के उस चलन पर सवाल उठाया है, जिसमें वे अभिनेत्रियों से कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने के लिए कहते हैं। रविवार को वह मुंबई में नजर आईं। उन्होंने फोटोग्राफर्स के पीछे से फोटो लेने की गुजारिश पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या उन्हें ऐसे शॉट्स लेने में खास मजा आता है? जब नीतू कपूर एक जगह से बाहर निकलीं और अपनी कार की ओर जा रही थीं, तो वहां मौजूद फोटोग्राफर्स ने उनसे कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने को कहा। ऐसा करने के बजाय, अभिनेत्री मुड़ीं और तंज भरे अंदाज में उनसे इस गुजारिश के बारे में पूछा। नीतू ने कहा, 'आपको यह बहुत अच्छा लगता है ना, 'बैक'?' पैपराजी ने इस पर ना में जवाब दिया। इसके बाद नीतू अपनी कार में बैठीं और दरवाजा बंद कर लिया। नीतू कपूर का यह रिएक्शन तब आया है, जब नेहा धूपिया ने फोटोग्राफर्स की तरफ से अभिनेत्रियों की गलत तरीके से बैक शॉट्स लेने पर आपत्ति जताई। मुंबई में एक अवॉर्ड इवेंट के दौरान, नेहा ने पैपराजी से सवाल किया और इस हरकत पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'तुम लोगों में से बदतमीजी से बैकशॉट कौन लेता है? बंद करो।' नेहा ने साफ किया कि उनकी आपत्ति सिर्फ अपने अनुभव तक ही सीमित नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह उन महिलाओं की तरफ से बोल रही थीं जिन्होंने फोटोग्राफरों से बार-बार रुकने के लिए कहा था और जो 'बार-बार यह कहते-कहते थक चुकी थीं।' सलमान खान ने भी 'बिग बॉस 20' में इस मुद्दे पर बात की।



बॉलीवुड में एक शब्द ने बदल दी फिल्मों की कहानियां

हिंदी सिनेमा का 'दिल': कभी दीवाना, कभी पागल, कभी बदतमीज

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में 1946 से लेकर 2026 तक ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें 'दिल' शब्द का अलग-अलग कहानी को बयां करने के लिए किया गया है। ऐसे कई शब्द हैं, जिनका इस्तेमाल टाइटल में करते हुए हिंदी सिनेमा में बहुत सारी फिल्में बनी। 'दिल' भी उन्हीं में से एक है। पर्दे पर जब किसी किरदार ने प्यार किया, तो टाइटल 'दिल' पड़ गया। जब प्रेम अधूरा रहा, तो 'हम दिल दे चुके सनम' हो गया और जब किसी ने अपनी राह खुद चुनी, तो 'चांद मेरा दिल' बन गया। लगभग 80 वर्षों में साल दर साल इस एक शब्द ने किसी न किसी तरह अलग-अलग टाइटल के साथ जुड़कर बॉलीवुड को कई कहानियां दीं। सिर्फ इतना ही नहीं, दशकों के सफर में प्यार की परिभाषा बदली, रिश्तों का स्वरूप बदला, नायक-नायिका बदले, कहानियों का अंदाज बदला, लेकिन दिल अपनी जगह बना रहा। खास बात ये है कि यह सफर सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। बल्कि, फिल्मों के गाने और टीवी शो में भी इसका खूब इस्तेमाल हुआ।

जब दिल से हुई शुरुआत

हिंदी सिनेमा के इतिहास में 'दिल' शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले 1946 में रिलीज हुई फिल्म के टाइटल में हुआ था। इस फिल्म का नाम ही 'दिल' था। इस फिल्म का निर्देशन एस. एफ. हसनैन ने किया था और इसमें नूरजहां, अमीना नजर आए थे। यह ब्लैक एंड व्हाइट ड्रामा फिल्म थी।

1950-60 के दशक में कैसे हुआ दिल का इस्तेमाल

1950 और 1960 के दशक में 'दिल' वाले फिल्मी टाइटल तेजी से बढ़े। 1959 में आई 'दिल देके देखो'। अगले ही साल 'दिल अपना और प्रीत पराई' आई, जिसका टाइटल ही प्रेम और सामाजिक रिश्तों के बीच तनाव को सामने रखता है। 1960 में ही 'दिल भी तेरा हम भी तेरे', 1962 में 'दिल तेरा दीवाना', 1963 में 'दिल एक मंदिर', 'दिल एक सौ अफसाने' और 1966 में 'दिल दिया दर्द लिया' जैसे टाइटल ने इस शब्द को अलग-अलग इमोशनल मीनिंग दिए। यानी 'दिल' एक ही दशक में कई रूप ले चुका था, जिसमें वह कभी दीवाना बना, तो कभी मंदिर और उसी ने दर्द भी दिया।



80 के दशक में 'दिल' गानों में हुआ ज्यादा इस्तेमाल

1980 के दशक में फिल्मों के नामों में 'दिल' मौजूद रहा, लेकिन इस दौर में दिल की सबसे बड़ी ताकत गानों में दिखाई दी। दिल के झरोखे में, दिल क्या करे, दिलबर मेरे, मेरा दिल भी कितना पागल है जैसे गानों ने दिल को प्रेम की भाषा से आगे बढ़ाकर व्यक्तिगत भावनाओं की भाषा बनाया।

70 के दशक में बदलने लगी दिल की दुनिया : 1970 के दशक तक हिंदी सिनेमा में रोमांस के साथ-साथ सामाजिक और पारिवारिक संघर्ष भी मजबूत हो रहे थे। ऐसे में आई 1972 में 'दिल दौलत दुनिया', 1978 में 'दिल और दीवार', 'दिल से मिले दिल', 1979 में 'दिल का हीरा'। इनके साथ 'दिल' अब केवल प्रेम कहानी का शब्द नहीं रह गया था। अब दिल को दौलत, दुनिया, दीवार, हीरे और रिश्तों के साथ रखा जा रहा था।

90 के दशक में हुआ 'दिल' का रोमांटिक विस्फोट

अगर हिंदी सिनेमा के इतिहास में किसी एक दशक को 'दिल का दशक' कहा जाए, तो वह 1990 का दशक होगा। इस साल इंद्र कुमार की 1990 में 'दिल' आई। आमिर खान और माधुरी दीक्षित की यह फिल्म प्रेम, परिवार, अहंकार और सामाजिक हैसियत के टकराव की कहानी थी। फिर 1991 'दिल है कि मानता नहीं' आई। इसमें आमिर खान और पूजा भट्ट नजर आए। इसके बाद 1993 में दिल तेरा आशिक, 1994 में दिलवाले, 1995 में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे आई। इसमें लोगों को राज और सिमरन की कहानी देखने को मिली, जो आज भी बहुत मशहूर है। 1997 में दिल तो पागल है आई। 1998 में 'दिल से' ने दस्तक दी। इसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला नजर आए। 1999 में 'हम दिल दे चुके सनम' और 'दिल क्या करे' ने दस्तक दी।

2000-26 के दशक में दोस्ती से जुड़ा दिल का खेल

साल 2000 में 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' और 'हमारा दिल आपके पास है' आई। इसके बाद 2001 में दिल दोस्त चाहता है, 2002 में दिल है तुम्हारा, 2003 में दिल का रिश्ता और ये दिल आई। साल 2004 में दिल मांगे मोर, 2005 में दिल जो भी कहे, 2006 में दिल दिया है आई। 2007 में दिल दोस्ती **Etc**', 2008 में दिल कबड्डी'और 2009 में दिल बोले हडिप्पा आई। साल 2011 से लेकर 2026 तक में दिल टाइटल के साथ दिल तो बच्चा है जी, दिल धड़कने दो, ऐ दिल है मुश्किल, पल पल दिल के पास, दिल बेचारा, दिल दोस्ती और डॉग्स जैसी फिल्में आई।

खबर संक्षेप

सेवा सेतु अभियान के तहत हसौद तहसील कार्यालय परिसर में पौधरोपण



हसौद। सेवा संकल्प अभियान के तहत हसौद तहसीलदार गरिमा मनहर ने राजस्व विभाग की टीम के साथ तहसील कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान अलग-अलग किस्म के फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। साथ ही पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया गया। पौधरोपण के दौरान तहसीलदार गरिमा मनहर ने हल्का पटवारियों एवं कोटवारों से अपने-अपने आवासीय परिसर में भी पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आग्रह किया। तहसीलदार ने तहसील कार्यालय परिसर में लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल के लिए कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पौधों को सुरक्षित रखने और समय-समय पर पानी देने सहित उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करने की बात कही। पौधारोपण कार्यक्रम में तहसील कार्यालय का संपूर्ण स्टाफ, समस्त पटवारी, सभी कोटवार एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

नव पदस्थ तहसीलदार से मिले अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी



शिवरीनारायण। तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में नव पदस्थ तहसीलदार लोमेश कुमार मिरी का अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण के सचिव गजेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में एवं तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता संघ के सचिव गजेन्द्र बंजारे, उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार चौधरी, रामकुमार बर्मन, संरक्षक रामनिवास शुक्ला, एम आर कश्यप, देवप्रसाद साहू, सुभाष मिरि, भुनेश्वर बंजारे, इतवारी यादव,जीवन लाल कश्यप,ओम नारायण कश्यप, धनेश खांडेकर, रथ राम टंडन, देवनारायण मांडले, कुमारी गंगोत्री चौहान, सुश्री आशा साहू,आर.आई.जय नारायण भूपेन्द्र, मुख्यालय पटवारी दिलेश्वर प्रसाद कश्यप, मिसदा आर.आई. बद्रीनारायण जांगड़े, पटवारी मोहन बनर्जी, प्रमोद कश्यप, अंबुज शर्मा, अमृत लाल साहू, रामेश्वर जगत, परवरिश टंडन, रीडर इंदु देवांगन, कुंदन बंजारे, पंकज खूंटले, लतीफ़ निराला, श्रीमती श्वेता सोनी, हेमलता जांगड़े, कोटवार प्रकाश सहिस, शिवकुमार चौहान, लीला राम कश्यप उपस्थित रहे।


शिवरीनारायण में गौ सेवा को लेकर लोगों से किया गया संवाद



शिवरीनारायण। गौमाता के सम्मान, सेवा एवं सुरक्षा के उद्देश्य से शिवरीनारायण में 5 अक्टूबर को आयोजित गौ सम्मान अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कैफेटेरिया मेला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान स्थित पथमेड़ा गौशाला से पहुंचे भरत महाराज की मौजूदगी में गौसेवा और गौ सुरक्षा को लेकर लोगों से संवाद किया गया। अभियान के तहत गांव-गांव से लोगों को जोड़ने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान 'गिलहरी योगदान' की भावना को सामने रखते हुए कहा गया कि गौमाता की सेवा और सुरक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दे सकता है।सत्ता या सरकार के विरोध का अभियान नहींकार्यक्रम में यह स्पष्ट संदेश भी दिया गया कि गौ सम्मान अभियान का उद्देश्य किसी सत्ता, सरकार या राजनीतिक दल के विरोध में खड़ा होना नहीं है। यह अभियान गौमाता के सम्मान, सेवा और सुरक्षा के लिए सामाजिक जागरूकता पैदा करने का प्रयास है। साथ ही देश में हो रहे गौवध के खिलाफ समाज में जागरूकता और गौमाता की रक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना इसका प्रमुख उद्देश्य बताया गया। अभियान की प्रचार सामग्री में 'नो डोनेशन' का संदेश भी दिया गया है। इसके माध्यम से आर्थिक सहयोग के बजाय लोगों की प्रत्यक्ष सहभागिता और सेवा भावना को प्राथमिकता देने की बात कही गई। गौ सुरक्षा और जनजागरूकता के कार्यों में सहभागिता निभाएं।आयोजकों ने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति 'गिलहरी योगदान' की भावना से अपनी क्षमता के अनुसार आगे आए, तो गौमाता के सम्मान और सुरक्षा के लिए व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया जा सकता है। अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

निधन

माधव लाल यादव



सक्ती। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारी माधव लाल यादव का निधन 4 अक्टूबर को हो गया। वे गोविंद यादव, निरजन यादव, मनोज यादव के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सजातीय बंधु सहित शरहवासी बडी संख्या में शामिल हुए।

उपनिषद ज्ञानामृत के दसवें दिन मानसिक रोग और गुरु की अनिवार्यता पर प्रवचन

अपने बल से नहीं, विशुद्ध गुरु के धक्के से मिलेगी मोह से मुक्तिः रासेश्वरी देवी





प्रवचन सुनाती रासेश्वरी देवी तथा ज्ञानामृत सुनने बाहर तक लगी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में चल रही उपनिषद ज्ञानामृत प्रवचन श्रृंखला के दसवें दिन रासेश्वरी देवी ने मानसिक रोग, गुरु की अनिवार्यता और भगवान के साथ उनके अभेद पर विचार रखे। कहा गया कि अनंत काल से मनुष्य भगवान की ओर पीठ कर संसार में आनंद खोज रहा है।

उपनिषद ज्ञानामृत प्रवचन श्रृंखला के दसवें दिन रासेश्वरी देवी ने कहा कि मानसिक रोग, गुरु की अनिवार्यता और भगवान के साथ उनके अभेद पर विचार रखे। संसार के क्षणभंगुर व्यक्तियों और वस्तुओं में सुख नहीं मिलता, लेकिन ममता और आसक्ति जुड़ जाती है। तुलसीदास के अनुसार काम, क्रोध, लोभ, मोह मानस रोग हैं। दूसरों के दोष दिखते हैं, अपनी बीमारी नहीं दिखती, इसलिए जीव अपने बल से मोह के चक्र से बाहर नहीं निकल सकता।मोह से निकालने के लिए भगवान स्वयं विशुद्ध संत के रूप में जीवन में आते हैं। श्रीमद्भागवत का प्रमाण देते हुए कहा गया कि भगवान और गुरु में कोई भेद नहीं है। जब जीव पूर्ण शरणागत होता है तो भगवान सृष्टि निर्माण की शक्ति को छोड़कर शेष ईश्वरीय शक्तियां संत को दे देते हैं। जैसे डॉक्टर बिना सजावट देखे रोगी का इलाज करता है, वैसे सद्गुरु मानस रोगों का इलाज कर अंतःकरण को पवित्र करते हैं।अज्ञानता के कारण मनुष्य राम-कृष्ण और शिव में भेद करता है। यह अज्ञानता अनंत जन्मों का मैल है। गुरु केवल ज्ञान नहीं देता, पहले अज्ञानता का मैल धोता है।उदाहरण देते हुए कहा गया कि पक्षी का बच्चा स्वयं पंख नहीं खोल सकता, उसकी मां उसे उड़ना सिखाने के लिए बार-बार घोंसले से धक्का देती है। उसी प्रकार जीव स्वयं मोह नहीं छोड़ सकता। संसार की आसक्ति छुड़ाने और भगवान में अनुराग बढ़ाने के लिए गुरु का धक्का अनिवार्य है।अंत में कहा गया कि संसार में अनेक गुरु हैं, विशुद्ध संत की पहचान कैसे करें और ढोंगियों से कैसे बचें, इसका रहस्य अगले प्रवचन में बताया जाएगा। ज्ञानामृत प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है।

शाम होते ही पसर जाता है अंधेरा बढ़ जाता है हादसों का खतरा

स्ट्रीट लाइट खराब होने से आवागमन करना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



स्ट्रीट लाइट नहीं चलने से सड़क पर छाया अंधेरा।

चांपा शहर के प्रमुख और व्यस्ततम मार्गों में शामिल गौरवपथ इन दिनों अव्यवस्थाओं के चलते परेशानी का मार्ग बनता जा रहा है। शाम ढलते ही जहां मार्ग के कई हिस्से में लगे स्ट्रीट लाइटों के खराब होने के कारण अंधेरे में डूब जाती हैं, वही सड़क पर जगह-जगह आवारा मवेशियों का जमावड़ा दुर्घटना के खतरे को और बढ़ा देता है।

स्ट्रीट लाइटें होने के बावजूद उनके खराब पड़े रहने से रात में इस महत्वपूर्ण मार्ग पर पर्याप्त रोशनी नही रहती है। बरसात समय से खराब पड़े लाइटों की ओर जिम्मेदारों का ध्यान नही जाना व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है गौरवपथ पर दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। शाम होते ही मार्ग के कई हिस्सों में अंधेरा छा जाने के कारण दोपहिया वाहन चालकों को अपनी मोटरसाइकिल की लाइट के सहारे आवागमन करना पड़ता है। ऐसे में अंधेरे में अचानक सामने आने वाला वाहन, पैदल राहगीर अथवा सड़क पर मौजूद मवेशी दुर्घटना का कारण बन सकता है। गौरवपथ मार्ग की व्यस्तता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आसपास के गांवों के लोग रोजाना इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। कुरदा, सिवनी सहित महुदा क्षेत्र के ग्रामीणों का प्रतिदिन इस मार्ग से आना-जाना होता है। इसके अलावा इस मार्ग पर कई बड़े एवं नामी अस्पताल, शासकीय कार्यालय, गार्डन, महाराणा प्रताप बस स्टैंड सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान मौजूद हैं। इसके साथ ही मार्ग पर शासकीय शराब दुकान होने के कारण देर रात तक लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे व्यस्त मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बेहद जरूरी है, लेकिन स्ट्रीट लाइटों के खराब होने से रात के समय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पैदल चलने वाले लोगों के साथ महिलाओं, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका को गौरवपथ की सभी स्ट्रीट लाइटों की तत्काल जांच कर खराब लाइटों को दुरुस्त कराना चाहिए, ताकि पूरे मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। गौरवपथ मार्ग पर पूर्व में भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हादसों को देखते हुए मार्ग पर नगर पालिका द्वारा स्पीड ब्रेकर लगाने की बात भी सामने आई थी। इसके लिए पालिका द्वारा स्पीड ब्रेकर बनवाने पर सहमति भी बनी थी, लेकिन समय बीतने के साथ इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नही हो सकी।

हाथी पर सवार होकर आ रही हैं मां भगवतीः द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन विशेष सवारी या वाहन में होता हैं। मां की सवारी के ही शुभ-अशुभ समय का अनुमान लगाया जाता हैं। इस बार शारदीय नवरात्रि में माता रानी हाथी में सवार होकर आयेंगी । हाथी की सवारी को ज्ञान, ऐश्वर्य, सुख और समृद्धि का शुभ प्रतीक माना जाता हैं।

कर्मकांडी पं अतुल कृष्ण द्विवेदी ने बताया कि नवरात्रि पर्व साल में चार बार मनाया जाता हैं , जिसमें दो प्रत्यक्ष और दो अप्रत्यक्ष नवरात्र होते हैं। आश्विन माह में पड़ने वाली नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहा जाता हैं। शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर से शुरू शारदीय नवरात्रि इस बार रविवार 11 अक्टूबर से आरंभ हो रही हैं । त्यौंहार में अब 5 दिन ही शेष है। ऐसे ही देवी मंदिरों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। नगर के समलेश्वरी, बम्लेश्वरी, संतोषी, अष्टभुजी दुर्गा मंदिर, हरचनलाल मंदिर, मां महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों की रंग-रोगन व मनोकामना ज्योति कलश कक्ष का काम पूरा किया जा रहा हैं ।

अंचल के देवी मंदिरों में नवरात्रि की तैयारी हो रही जोर-शोर से



बिर्रा। अंचल के देवी मंदिरों में नवरात्रि की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इस वर्ष क्वांर नवरात्रि का शुभारंभ 11 अक्टूबर से शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही बिर्रा के मां चंडी देवी मंदिर एवं कंकाली मंदिर और महामाया मंदिर , ग्राम घिवरा के डोकरी दाई मंदिर, मल्दा के कंकालिन मंदिर और ठकुराइन दाई मंदिर, किकिरदा के विशेश्वरी मंदिर, करही के मां भवानी मंदिर, आदि सहित बिर्रा अंचल के देवी मंदिरों में बड़े ही उत्साह एवं जोर शोर से नवरात्रि की तैयारियां मंदिर समिति और माता भक्तों के द्वारा किया जा रहा है। मंदिर को और आकर्षक बनाने के लिए माता के मंदिरों को रंग रोगन के अलावा विद्युत लाइट से सजाया जा रहा है। नवरात्रि का समापन 19 अक्टूबर ढको नवमी तिथि के साथ किया जाएगा। क्वांर नवरात्रि को धूमधाम से मनाने के लिए देवी मंदिरों में आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत 8 अक्टूबर को मगरमच्छ संरक्षण परियोजना कोटमी सोनार में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अर्धशासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोटमी सोनार के कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन, चित्रकला और सामान्य वन्यजीव प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

चित्रकला प्रतियोगिता में 40, निबंध लेखन में 30 तथा सामान्य वन्यजीव प्रश्नोत्तरी में 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और वन्यप्राणियों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं कला संकाय की पिंकी चौहान ने प्रथम, कक्षा 12वीं जीव विज्ञान की अंजली बंजारे ने द्वितीय तथा कक्षा 8वीं की संध्या कुर्रे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध लेखन में कक्षा 10वीं की प्रियंशी रजक प्रथम, आंचल थवाईत द्वितीय तथा कक्षा 12वीं के रितेश कुर्रे तृतीय स्थान पर रहे। साथ ही वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और वन्यप्राणियों की महत्ता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उप वन मंडलाधिकारी एच.सी. शर्मा, प्रभारी मगरमच्छ परियोजना कोटमी सोनार चंद्रशेखर खांडे, वनपाल संजय कुमार कश्यप, वनरक्षक राहुल वस्त्रकार, विनय पटेल, प्रभात दिवाकर सहित परियोजना में कार्यरत दैनिक सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

गौ सेवा के लिए वीरांगना सेवा समिति ने दी सहायता राशि

बाराद्वार। पितृ पक्ष पर मातृ नवमी के विशेष दिन जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति बाराद्वार द्वारा गौ सेवा के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सेवा धाम स्थित गौशाला में सहयोग राशि प्रदान की गई। समिति की सदस्याओं ने बीमार एवं असहाय गायों के समुचित उपचार हेतु 1100 रुपये तथा उनके सुरक्षित परिवहन के लिए पिकअप वाहन खरीदी में सहयोग स्वरूप 5100 रुपये की सहायता राशि भेंट की। समिति की वरिष्ठ सदस्य सुमन सिंह ने कहा कि पितृ पक्ष में गौ सेवा का विशेष महत्व माना गया है। समिति सचिव वंदना सिंह, कोषाध्यक्ष सीता सिंघल, रंजना अग्रवाल, पायल शर्मा, पद्मिनी वैष्णव, गायत्री जायसवाल, कविता बंसल, मीना आचार्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

अकलतरा में उत्साह के साथ मनाया जा रहा अग्रसेन जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



अग्रसेन जयंती मनाते महिलाएं।

अग्रवाल समाज के आराध्य एवं समाजवाद, समानता और सेवा के प्रेरणास्रोत महाराजा अग्रसेन की जयंती पर अग्रवाल सेवा समिति एवं अग्रवाल महिला समिति, अकलतरा द्वारा जयंती समारोह इस वर्ष भी उत्साह, उमंग और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाया जा रहा है।

इस वर्ष समारोह के आयोजन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समाज की नारी शक्ति श्रीमती राखी कैलाश अग्रवाल को सौंपी गई है। प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. श्रीमती अनिता अग्रवाल, रायपुर, चयनित आईएएस ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी सहमति प्रदान की है। दोनों विशिष्ट महिला व्यक्तित्वों की उपस्थिति समारोह में नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का संदेश देगी।श्री अग्रसेन जयंती समारोह आयोजन समिति 2026 द्वारा 27 सितंबर से विभिन्न रचनात्मक, मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इनमें टीपा फोड़, मोमबत्ती जलाओ, लूडो, शतरंज, कैरम, साथिया-छाबड़ी बनाओ, लड्डू गोपाल की पोशाक सजाओ, धार्मिक क्विज, मेहंदी लगाओ सहित अनेक प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों से लेकर युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठजनों तक समाज के सभी वर्गों के लोग पूरे उत्साह के साथ सहभागिता कर रहे हैं। प्रतियोगिताओं के माध्यम से जहां प्रतिभागियों की रचनात्मकता, प्रतिभा एवं कौशल को मंच मिल रहा है, वहीं समाज में आपसी स्नेह, सहभागिता और एकता की भावना भी सुदृढ़ हो रही है।आयोजन समिति का उद्देश्य महाराजा अग्रसेन जी के सेवा, समानता, सहयोग और सामाजिक समरसता के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। समारोह को लेकर अग्रवाल समाज में विशेष उत्साह और उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

सेवा संकल्प अभियान : 157 में से 107 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



ग्राम पंचायत मालखरौदा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में 5 अक्टूबर को 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'सरकार आपके द्वारा' शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ और अतिथियों की उपस्थितिकार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश स्थायी आमंत्रित सदस्य श्रीमती संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष कविशरण वर्मा और सरपंच श्रीमती सावित्री रंजीत अजगल्ले द्वारा महात्मा गांधी, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात अतिथियों ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के 22 स्टॉलों का निरीक्षण किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन, अपर कलेक्टर सी.के. पैकरा, डिप्टी कलेक्टर ललिता भगत, मालखरौदा एसडीएम विनय कश्यप, तहसीलदार सुश्री गरिमा मनहर, अड़भार तहसीलदार लक्ष्मीकांत कोरी, जनपद सीईओ तजेश्वर प्रसाद यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर की मुख्य उपलब्धियां एवं हितग्राही वितरण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 157 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 107 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण कर दिया गया। शेष 50 आवेदनों को नियमानुसार संबंधित विभागों को निराकरण हेतु प्रेषित किया गया है।

जनकल्याणकारी योजनाओं को हर हाल में पहुंचाना है हर व्यक्ति तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



भाजपा ग्रामीण मंडल अकलतरा की मासिक बैठक ग्राम अमलीपाली स्थित अर्धनारीश्वर आश्रम में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ समितियों को सशक्त बनाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार करने तथा सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता मीरी, मंडल प्रभारी विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन यादव, जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम, जनपद पंचायत अकलतरा की अध्यक्ष श्रीमती शकुनदेव अघरिया एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कल्याणी साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंडल प्रभारी विकास शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय करते हुए बूथ समितियों को मजबूत बनाने और नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यमंडल अध्यक्ष पवन यादव ने कहा कि ग्रामीण मंडल के प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाना और संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इसके लिए बूथ स्तर पर नियमित कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता मीरी ने संगठनात्मक एकजुटता और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाने में सहयोग करना चाहिए। वकार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री सुबोध थवाईत ने किया तथा आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री जितेंद्र सिंह कौशिक ने किया। इस अवसर पर प्रेमसागर कश्यप, प्रभा सिंह, नरसिंह बरगाह, रवि निर्मलकर, रोहित पाटले, गोमती सिंह कंवर, लुकेश साहू, देव अघरिया, संजय सिंह, पुष्पेंद्र थवाईत, हैवस राम टांडे, जगदीश पटेल, रमा मीरी, राधेश्याम साहू, राजकुमार निर्मलकर, दीपक पटेल, उमेश शुक्ला, मनीष धीवर, आसाराम पटेल, ललित सोनी, विजय मिश्रा, जानकी देवी बंजारे, हेमलता बंधन आदि उपस्थित थे।

हल्की ठंड का होने लगा एहसास

जांजगीर-चांपा। मौसम में बदलाव के साथ अब सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का एहसास होने लगा है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट के कारण वातावरण में ठंडक बढ़ी है। सुबह के समय हवा में ठंडापन महसूस होने लगा है।



